**SET NO - 2**

Exam ID | | | | | | |

Candidates must write the Set No. on the title page of the OMR Sheet.

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE –I

## PA-II EXAMINATION, 2021-22

- **Check that this question paper contains 11 printed pages.**
- **Set number given on the right hand side of the questions paper should be written on the OMR SHEET by the candidate.**
- **Check that this question paper contains 55 questions.**

## CLASS – IX

## SUB : HINDI (085)

**Time :90 Minutes** **Maximum Marks: 40**

### सामान्य निर्देश:

- **इस प्रश्न पत्र में तीन खंड हैं-खंड 'क', 'ख' और 'ग'.**
- **खंड 'क' में कुल 2 प्रश्न पूछे गए हैं। दोनों प्रश्नों के कुल 20 उपप्रश्न दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 10 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ख' में 5 प्रश्न हैं तथा इन सभी के 21 उपप्रश्न हैं। इनमें से निर्देशानुसार 16 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ग' में कुल 3 प्रश्न हैं तथा 14 उपप्रश्न सम्मिलित हैं। सभी उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

## खंड क अपठित गद्यांश (10 अंक)

**I. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित किसीएक गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)**

**यदि आप इस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं तो आप प्रश्न संख्या 1 से 5 का उत्तर ओ.एम.आर (OMR) में लिखेंगे ।**

पाठक आमतौर पर रूढ़िवादी होते हैं, वे सामान्यतः साहित्य में अपनी स्थापित मर्यादाओं की स्वीकृति या एक स्वप्न-जगत में पलायन चाहते हैं। साहित्य एक झटके में उन्हें अपने आस-पास के उस जीवन के प्रति सचेत करता है, जिससे उन्होंने आँखें मूंद रखी थीं। शुतुरमुर्गी अफ्रीका के रेगिस्तानों में नहीं मिलते वे हर जगह बहुतायत में उपलब्ध हैं। प्रौद्योगिकी के इस दौर का नतीजा जीवन के हर गोशे में नकद फसल के लिए बढ़ता हुआ पागलपन और हमारे राजनीतिज्ञ, सत्ता के दलाल, व्यापारी, नौकरशाह-सभी लोगों को इस भगदड़ में नहीं पहुँचने, जैसा दूसरे करते हैं वैसा करने, चूहादौड़ में शामिल होने और कुछ-न-कुछ हासिल कर लेने को किए जा रहे हैं। हम थककर साँस लेना और अपने चारों ओर निहारना, हवा के पेड़ में से गुजरते वक़्त पत्तियों की मनहर लय-गतियों को और फूलों के जादुई रंगों को, फूल सरसों के चमकदार पीलेपन को, खिले मैदानों की घनी हरीतिमा को मर्मर ध्वनि के सौन्दर्य, हिमाच्छादित शिखरों की भव्यता, समुद्र तट पर पछाड़ खाकर बिखरती हुई लहरों के घोष को देखना-सुनना भूल गए हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि पश्चिम का आधुनिकतावाद और भारत तथा अधिकांश तीसरी दुनिया के नव-औपनिवेशिक चिंतन के साथअपनी जड़ों से अलगाव, व्यक्तिवादी अजनबियत में हमारा अनिवार्य बे-लगाम धंसाव, अचेतन के बिंब, बौद्धिकता से विद्रोह, यह घोषणा कि दिमाग अपनी रस्सी के अंतिम सिरे पर है, यथार्थवाद का विध्वंस, काम का ऐन्द्रिक सुख मात्र रह जाना और मानवीय भावनाओं का व्यावसायीकरण तथा निम्नस्तरीयकरण इस अंधी घाटी में आ फंसने की वजह है। लेकिन वे भूल जाते हैं कि आधुनिकीकरण इतिहास की एक सच्चाई है, कि नई समस्याओं को जन्म देने और विज्ञान को अधिक जटिल बनाने के बावजूद आधुनिकीकरण, एक तरह से, मानव जाति की नियति है।मेरा सुझाव है कि विवेकहीन आधुनिकता के बावजूद आधुनिकता की दिशा में धैर्यपूर्वक सुयोजित प्रयास होने चाहिए। एक आलोचक किसी नाली में भी झाँक सकता है, पर वह नाली-निरीक्षक नहीं होता। लेखक का कार्य दुनिया को बदलना नहीं, समझना है। साहित्य क्रांति नहीं करता, वह मनुष्यों का दिमाग बदलता है और उन्हें क्रांति की आवश्यकता के प्रति जागरूक बनाता है।

**निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:**

**Q1. गद्यांश में 'शुतुरमुर्ग की संज्ञा किसे दी गई है?**

(A) लेखक, जो संसार को समझना चाहता है।

(B) राजनीतिज्ञ, जो अपने स्वार्थ साधना चाहता है।

(C) पाठक, जो सपनों की दुनिया में रहना चाहता है।

(D) नौकरशाह, जो दूसरों जैसा बनने की होड़ में शामिल है।

**Q2. आधुनिकता की दिशा में सुयोजित प्रयास क्यों होने चाहिए?**

(A) इससे जीवन सुगम हो जाएगा तथा मानव प्रकृति का आनंद ले सकेगा।

(B) नई समस्याओं को जन्म लेने के पहले ही रोका जा सकेगा।

(C) आधुनिक होने की प्रक्रिया सदा से मानव सभ्यता का अंग रही है।

(D) इससे विज्ञान सरल हो अधिक मानव कल्याणी हो सकेगा।

**Q3. 'नक़द फ़सल के लिए बढ़ता हुआ पागलपन' से क्या तात्पर्य है?**

(A) लोग तुरंत व अधिक से अधिक लाभ कमाना चाहते हैं।

(B) लोग प्रकृति को समय नहीं देना चाहते हैं।

(C) लोग थके हुए हैं पर विश्राम नहीं करना चाहते।

(D) लोग भौतिकतावादी तथा अमीर लोगों की नकल करना चाहते हैं।

**Q4. पाठक साहित्य से आमतौर पर क्या अपेक्षा रखते हैं?**

(A) साहित्य को हमारे मन की बात कहनी चाहिए।

(B) साहित्य को संसार को यथावत समझना चाहिए।

(C) साहित्य तनाव कम करने वाला होना चाहिए।

(D) साहित्य को जीवन कौशलों व मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिए।

**Q5. लेखक के अनुसार साहित्य क्या कार्य करने के लिए प्रेरित करता है?**

(A) लोगों को यथार्थ से अवगत करा बदलाव के लिए।

(B) लोगों को जीवन की समस्याओं को भुला आगे बढ़ते जाने के लिए।

(C) लोगों को यथार्थवाद का विध्वंस करने के लिए।

(D) लोगों को भावनाओं व ऐन्द्रिक सुख से ऊपर उठ कार्य करने के लिए।

**अथवा**

**यदि आप इस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं तो आप प्रश्न संख्या 6 से 10 का उत्तर ओ.एम.आर (OMR) में लिखेंगे।**

कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया। समाज में फैले बाह्‌याडंबर , भेदभाव, साम्प्रदायिकता आदि का उन्होंने पुष्ट प्रमाण लेकर ऐसा विराध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हु ईजो उनके अकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। इस प्रकार उन्होंने समाज तथा धर्म की बुराइयों को निकाल-निकाल कर सबके सामने रखा। ऊँचा नाम रखकर संसार को ठगने वालों के नकली चेहरों को सबको दिखाया। उन्होंने कर्म, सेवा, अहिंसा तथा निर्गुण मार्ग का प्रसार किया। कर्मकांड तथा मूर्तिपूजा का विरोध किया। अपनी साखियों,रमैनियों और सबदों को बोलचाल की भाषा में रचकर सबके सामने एक विशाल ज्ञानमार्ग प्रशस्त किया।

**Q6. कबीर के सामने कोई नहीं टिक पाता था क्योंकि कबीर-------------**

(A) उच्च शिक्षा प्राप्त विद्‌वान थे (B) शास्त्रार्थ में प्रवीण थे

(C) का व्यक्तित्व ऊँचा था (D) का सामाजिक निरीक्षण तथ्यात्मक था

**Q7. कबीर ने विरोध किया-----------**

(A) आचरणहीन ढोंगियों का (B) शोषकों और दलितों का

(C) साम्प्रदायिक सामंजस्य का (D) कर्मकांड का

**Q8. कबीर की रचनाओं की भाषा थी ------**

(A) क्लिष्ट (B) बोलचाल की भाषा (C) अवधी (D) खड़ीबोली

**Q9. कबीर के सांप्रदायिकता विरोधी तर्क अकाट्य थे, क्योंकि -----------**

(A) उन्होंने समाज का निरीक्षण बड़े समीप से किया था

(B) उनके तर्क प्रमाणित थे

(C) वे इनसे व्यक्तिगत लाभ उठाना चाहते थे

(D) वे इनसे यश कमाना चाहते थे

**Q10. संत कबीर ने प्रशस्त किया--------**

(A) कर्म मार्ग (B) भक्ति मार्ग (C) अहिंसा का मार्ग (D) ज्ञान मार्ग

**II .नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित किसी एक गद्यांश के प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5 )**

**यदि आप इस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं तो आप प्रश्न संख्या 11 से 15 का उत्तर ओ एम आर (OMR) में लिखेंगे।**

मनुष्य का जन्म पाकर हाथ-पैर तो हिलाने ही होंगे। हमारे प्राचीन ऋषियों ने शतायु होने की किंतु कर्म करते हु ए जीने की इच्छा प्रकट की थी। इतिहास साक्षी है कि कितने ही भारतीय युवकों ने कर्मशक्ति के बल पर चंद्रगुप्त की भाँति शक्तिशाली साम्राज्यों की स्थापना की। आधुनिक युग में भारत जैसे विशाल जनतंत्र की स्थापना करने वाले गांधी, नेहरू, पटेल आदि कर्मपथ पर दृढ़ता के ही प्रतीक थे। दूसरी ओर इतिहास उन सम्राटों को भी रेखांकित करता है जिनकी अकर्मण्यता के कारण महान साम्राज्य नष्ट हो गए। वेद, उपनिषद, कुरान, बाइबिल आदि सारे धर्मग्रंथ कर्मठ मनीषियों की ही उपलब्धियाँ हैं। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की गौरव-महिमा उन वैज्ञानिकों की देन है जिन्होंने साधना की बलि-वेदी पर अपनी हर साँस क़ुर्बान कर दी। विज्ञान कर्म का साक्षात प्रतीक है। सुख-समृद्धि के शिखर पर आसीन प्रत्येक व्यक्ति अथवा जाति कर्म-शक्ति का परिचय देती है। सारी सृष्टि कर्मरत है। छोटे से छोटा प्राणी भी कर्म का शाश्वत संदेश दे रहा है।

**Q11. आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के विकास में किसका योगदान है?**

(A) साधकों, तंत्र-मंत्र विद्या का (B) वैज्ञानिकों की प्रतिभा बुद्धि का

(C) वैज्ञानिकों की इच्छा शक्ति का (D) वैज्ञानिकों की कर्म-शक्ति का

**Q12. वेद, उपनिषद, कुरान, बाइबिल आदि ग्रंथ किसकी उपलब्धियाँ हैं ?**

(A) ऋषियों की (B) महान विचारकों की

(C) कर्मवान मनीषियों की (D) प्रतिभाशाली रचनाकारों की

**Q13. गांधी, नेहरू, पटेल आदि नेताओं ने कर्म करते हु एकिसकी स्थापना की है ?**

(A)भारत देश की (B) भारत सरकार की

(C) भारतीय संस्कृति की (D) भारतीय लोकतंत्र की

**Q14. 'हाथ-पैर हिलाना' का आशय है---**

(A) गति में बने रहना (B) होशपूर्वक कर्म करना

(C) व्यायाम करना (D) कुछ-न-कुछ करना

**Q15.प्रस्तुत गद्यांश का शीर्षक हो सकता है---**

(A) कर्म में विकास (B) संसार-एक कर्मक्षेत्र (C) कर्म की आवश्यकता (D) अकर्मण्यता-एक पाप

**अथवा**

**यदि आप इस गद्यांश का उत्तर लिख रहे हैं तो आप प्रश्न संख्या 16 से 20 का उत्तर ओ.एम.आर (OMR) में लिखेंगे।**

भारतीय नारी सहनशीलता , त्याग , पवित्रता और उच्चतर सांस्कृतिक मूल्यों की वाहक रही है। वह सदा से आदर्श पत्नी, आदर्श माँ , आदर्श बहन तथा आदर्श बेटी रही है। उसका आदर्श सीता और सावित्री रही हैं। उसने सदा पातिव्रत्य की रक्षा के लिए त्याग किया है। उसकी पवित्रता की धारणा उत्कृष्ट है। ये सब बातें भारतीय नारी को देवी के पद पर ला बैठाती हैं। भारत में नारी बाल विधवा होकर अपनी इच्छाओं का खून करके भी पवित्र रहती है। निर्धन बहन अपने धनाढ्य भाई से ईर्ष्या नहीं करती। उसकी मंगल कामना करती है। पश्चिम की नारी जहाँ पर भौतिक सुख और विलास की प्राप्ति के लिए प्राचीन संस्कृति को ठुकरा रही हैं , वहाँ पर भारतीय नारी प्राचीन जीवन मूल्यों को अपनाकर चल रही है। महादेवी जी के अनुसार भारतीय नारी ने मनुष्यत्व खोकर देवत्व पा लिया है। वह पत्थर की प्रतिमा बन गई है, जो पूज्य होकर भी सजीव नहीं है। उसके जीवन में स्थिरता है , बिखराव नहीं। यह स्थिरता मृत्यु का श्रृंगार है , जीवन की पहचान नहीं। मानवता का पूर्ण विकास देवता बनने में नहीं बल्कि मानव बने रहने में है।

प्रश्न

**Q16. निम्नलिखित में से कौन सा गुण भारतीय नारी का नहीं है?**

A. सहनशीलता
B. उच्चतर सांस्कृतिक मूल्य
C. पुरुष के साथ समानता
D. त्याग और पवित्रता

**Q17. पातिव्रत्य की रक्षा से लेखक का तात्पर्य है-**

A. पति को व्रत करके उसकी रक्षा करना
B. पत्नी की रक्षा के लिए पति द्वारा व्रत किया जाना
C. पति की रक्षा हेतु पत्नी द्वारा व्रत किया जाना
D. आजीवन एक ही पति के साथ जीवन निर्वाह करना

**Q18. भारतीय पत्नी का दैवीय गुण नहीं है-**

A. देवी के रूप में आजीवन अपनी पूजा कराना
B. चारित्रिक पवित्रता
C. आदर्श पत्नी , माँ , बहन और बेटी होना
D. जीवनपर्यंत पातिव्रत्य का अनुसरण करना

**Q19. "भारतीय नारी ने मनुष्यत्व खोकर देवत्व पा लिया है।" उक्त कथन के अनुसार भारतीय नारी ने मनुष्यत्व के किस गुण का त्याग नहीं किया है?**

A. अहंकार B. विनम्रता C. झूठा दंभ D. अधिकार भावना

**Q20. उपर्युक्त गद्यांश में निहित संदेश है-**

A. नारी को आदर्श जीवन व्यतीत करना चाहिए

B. नारी में देवी के गुण होने चाहिए

C. नारी को प्राचीन मूल्यों को अपनाते हुए जीना चाहिए

D. नारी को देवी नहीं मानवी बनकर जीना चाहिए

## खंड ख व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)

**III. किसी दो विकल्प का उत्तर दीजिए :-** **(1×2=2)**

**Q21. इनमें से पद की पहचान कीजिए:-**

(A) बुढ़िया को (B) गंगा (C) रमा (D) खुशी

**Q 22. इनमें से अविकारी पद की पहचान कीजिए:-**

(A) संज्ञा (B) क्रिया विशेषण (C) सर्वनाम (D) विशेषण

**Q 23. रचना के आधार पर शब्द की पहचान कीजिए:- स्वदेश**

(A) रूढ़ (B) यौगिक (C) योगरूढ़ (D) कोई नहीं

**IV. किसी दो विकल्प का उत्तर दीजिए :-** **(1×2=2)**

**Q 24. सही स्थान पर अनुस्वार कहाँ लगा है-**

(A) कांठमाडू (B) संसर्ग (C) सुदंर (D) रगीनं

**Q25. सही स्थान पर अनुनासिक कहाँ लगा है-**

(A) पांचवी (B) पाँचविं (C) पांचवीं (D) पाँचवीं

**Q 26. सही स्थान पर अनुस्वार कहाँ लगा है-**

(A) आंशका (B) सक्रमंण (C) अधिकांश (D) पुजं

**V. किसी चार विकल्प का उत्तर दीजिए :-** **(1×4=4)**

**Q27. 'अवरोही' में मूल शब्द और प्रत्यय क्या है?**

(A) अव, रोही (B) अवरोहण, इत (C) अवरोहण, ई (D) अवरोहण, एत

**Q28. 'इन' प्रत्यय से बना हुआ शब्द इनमें से कौन सा नहीं है-**

(A) मालिन (B) धोबिन (C) नमकीन (D) मालकिन

**Q29. 'दार' प्रत्यय से बना हु आशब्द इनमें से कौन सा नहीं है-**

(A) बदतर (B) समझदार (C) ईमानदार (D) ज़िम्मेदार

**Q30. 'अनु' उपसर्ग से बना हु आशब्द इनमें से कौन सा नहीं है-**

(A) अनुकूल (B) अनुस्वार (C) अनुपमा (D) अनुनासिक

**Q31. 'सु' उपसर्ग से बना हु आशब्द इनमें से कौन सा नहीं है-**

(A) सुरुचि (B) सुमधुर (C) सुपुत्र (D) सपरिवार

**VI. किसी छह विकल्प का उत्तर दीजिए :- (1×6=6)**

**Q32. समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का जोड़ा 'उदर-उधर' का अर्थ चुनिए:-**

(A) पेट,तरफ़ (B) पेट, मुक्ति (C) ऋण, पेट (D) तरफ़, ऋण

**Q33. समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का जोड़ा 'प्रमाण-प्रणाम' का अर्थ चुनिए:-**

(A) नमस्कार, सबूत (B) सबूत, बुज़ुर्ग (C) सबूत, नमस्कार (D) नमस्कार, प्रयोग

**Q34. 'पोशाक' का पर्यायवाची इनमें से कौन सा नहीं है-**

(A) अंबर (B) नभ (C) वस्त्र (D) पट

**Q35. 'अंतरंग ' का पर्यायवाची इनमें से कौन सा नहीं है-**

(A) अतिथि (B) आत्मीय (C) गहरा (D) घनिष्ठ

**Q36. 'अनुकूल' का विलोम शब्द चुनिए:-**

(A) सुकूल (B) प्रतिकूल (C) विरोध (D) अनुलोम

**Q37. 'निश्चित' का विलोम शब्द चुनिए:-**

(A) सुनिश्चित (B) दृढ़निश्चित (C) कृतनिश्चित (D) अनिश्चित

**Q38. 'विख्यात' का विलोम शब्द चुनिए:-**

(A) कुख्यात (B) अख्यात (C) अविख्यात (D) सुख्यात

**VII. किसी दो विकल्प का उत्तर दीजिए :- (1×2=2)**

**Q39. "तुमने इतनी बड़ी जोखिम क्यों ली बचेंद्री?"**

**अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए:-**

(A) विधानवाचक (B) संकेतवाचक (C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक

**Q40. "अगर बस चलता तो सभी लोग दूसरों के यहाँ रहते।"**

**अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए:-**

(A) विधानवाचक (B) संकेतवाचक (C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक

**Q41. "साँप ने लड़के को डँस लिया।"**

**अर्थ के आधार पर वाक्य भेद लिखिए:-**

(A) विधानवाचक (B) संकेतवाचक (C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक

## खंड ग पाठ्य पुस्तक (14 अंक)

## VIII. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से ढूँढकर लिखिए। (1×4=4)

ऐसी लाल तुझ बिनु कऊनु करै।
गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै।
नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै।।
नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै।।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीऊ ते सभै सरे।।

**Q42. कवि ने प्रभु को किन-किन नामों से पुकारा है?**

(A) गोबिदु (B) गुसईया (C) लाल (D) उपरोक्त सभी

**Q43. कविता में मूलतः कौन-सी भाषा का प्रयोग किया गया है।**

(A) अवधी (B) खड़ी बोली (C) मैथिली (D) ब्रजभाषा

**Q44. कविता में "गरीब निवाजु" शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

(A) अमीरों पर कृपा करने वाला (B) दीन दुखियों पर कृपा करने वाला

(C) अंगहीन पर कृपा करने वाला (D) व्यापारियों पर कृपा करने वाला

**Q45. कवि ने इस काव्यांश में किन संतों के नाम लिए है-**

(A) सधना, सैनु (B) नामदेव , कबीर (C) त्रिलोचन (D) उपरोक्त सभी

## IX. प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए:- (1×5=5)

माँ, बहू और बच्चे ‘भगवाना ' से लिपट-लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफे चुप हुआ तो फिर न बोला। सर्प के विष से उसका सब बदन काला पड़ गया था। ज़िंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी-ककना ही क्यों न बिक जाएँ। भगवाना परलोक चला गया। घर में जो कुछ चूनी-भूसी थी सो उसे विदा करने में चली गई। बाप नहीं रहा तो क्या, लड़के सुबह उठते ही भूख से बिलबिलाने लगे। दादी ने उन्हें खने के

लिए खरबूज़े दे दिए लेकिन बहू को क्या देती? बहू का बदन बुखार से तवे की तरह तप रहा था। अब बेटे के बिना बुढ़िया दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।

बुढ़िया रोते-रोते और आँखें पोंछते-पोंछते भगवाना के बटोरे हु एखरबूज़े डलिया में समेटकर बाज़ार की ओर चली-और चारा भी क्या था? बुढ़िया खरबूज़े बेचने का साहस करके आई थी, परंतु सिर पर चादर लपेटे, सिर को घुटनों पर टिकाए हु एफफक फफककर रो रही थी। कल जिसका बेटा चल बसा, आज वह बाज़ार में सौदा बेचने चली है, हाय रे पत्थर दिल! उस पुत्र-वियोगिनी के दु:ख का अंदाजा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दु:खी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पंद्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बरफ़ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

**Q46. भगवाना की मृत्यु कैसे हुई थी?**

(A) दुर्घटना के कारण (B) साँप के डंसने के कारण

(C) बीमारी के कारण (D) इनमें से कोई नहीं

**Q47. मृत व्यक्ति की विदा के लिए नया कपड़ा किसकी दुकान से लाना होगा)**

(A) नाई से (B) लाला जी से (C) बनिए से (D) बजाज की दुकान से

Q48. पोते-पोती को खाने के लिए बुढ़िया ने क्या दिया?

(A) फल (B) रोटी (C) खरबूज़े (D) चावल

**Q49. "अब बेटे के बिना बुढ़िया दुअन्नी-चवन्नी भी कौन उधार देता।" बुढ़िया को कोई भी उधार क्यों नहीं देता?**

(A) उधार के पैसे वापस मिलने की संभावना कम थी।

(B) बुढ़िया का कमाऊ बेटा चल बसा था।

(C) A और B दोनों सही

(D) इनमें से कोई उत्तर नहीं

**Q50. 'पत्थर -दिल' किसे कहा गया है?**

(A) लेखक को (B) दुकानदारों को (C) पड़ोसन को (D) बुढ़िया को

## X. प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए:- (1×5=5)

दूसरे दिन नए आनेवाले अपने अधिकांश सामान को हम हिमपात के आधे रास्ते तक ले गए। डॉ. मीनू मेहता ने हमें अल्यूमिनियम की सीढ़ियों से अस्थायी पुलों का बनाना, लट्ठों और रस्सियों का उपयोग, बर्फ की आड़ी-

तिरछी दीवारों पर रस्सियों को बाँधना और हमारे अग्रिम दल के अभियांत्रिकी कार्यों के बारे में हमें विस्तृत जानकारी दी। तीसरा दिन हिमपात से कैंप-एक तक सामान ढोकर चढ़ाई का अभ्यास करने के लिए निश्चित था। रीता गोंबू तथा मैं साथ-साथ चढ़ रहे थे। हमारे पास एक वॉकी-टॉकी था, जिससे हम अपने हर कदम की जानकारी बेस कैंप पर दे रहे थे। कर्नल खुल्लर उस समय खुश हुए, जब हमने उन्हें अपने पहुँचनेकी सूचना दी क्योंकि कैंप-एक पर पहुँचनेवालीकेवल हम दो ही महिलाएँ थीं। अंगदोरजी, लोपसांग और गगन बिस्सा अंततः साउथ कोल पहुंचगए और 29 अप्रैल को 7900 मीटर पर उन्होंने कैंप-चार लगाया। यह संतोषजनक प्रगति थी। जब अप्रैल में मैं बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्त्व दिया कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचनेसे पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था। फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, " तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँचजाना चाहिए।"

**Q51. कैंप-एक पर पहुँचनेवालीकितनी महिलाएँ थीं?**

(A) एक (B) दो (C) तीन (D) चार

**Q52. अंगदोरजी, लोपसांग और ---------- अंततः साउथ कोल पहुंचगए।**

(A)डॉ मीनू मेहता (B)गगन बिस्सा (C) बचेंद्री पाल (D)ल्हाटू

**Q53. 29 अप्रैल को ---------मीटर की ऊँचाई पर उन्होंने कैंप-चार लगाया।**

(A) 6900 (B)8900 (C)5900 (D)7900

**Q54. जब अप्रैल में लेखिका बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री ------ के साथ हमारे पास आए थे।**

(A) निक्की (B) फंकी (C) डेकी (D) विक्की

**Q55. 'नौसिखिया' का अर्थ क्या है?**

(A) नया सीखने वाला (B) अनुभवहीन (C) नवीन राही (D) नौ की संख्या

*********************